आज का सुविचार
अपने रास्ते खुद चुनिए। क्योंकि आपको आपसे बेहतर कोई नहीं जानता।

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 50 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 17 जनवरी 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


# BNSS- 47 (2), पुलिस कब थाने से ही आरोपी को जमानत पर छोड़ सकती है जानिए

पुलिस थाने से ही आरोपी को जमानत पर छोड़ सकती है जब अपराध जमानतीय होता है, यानी ऐसे अपराध जिनमें जमानत का प्रावधान होता है। इसके अलावा, यदि आरोपी को गिरफ्तार करने वाला पुलिस अधिकारी यह महसूस करता है कि आरोपी को जमानत पर छोड़ा जा सकता है, तो वह थाने से ही जमानत पर छोड़ सकता है ख।

**भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के अनुसार, अपराध दो प्रकार के होते हैं-**

- संज्ञेय अपराध ऐसे अपराध जिनमें पुलिस को बिना वारंट के गिरफ्तार करने का अधिकार होता है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

- असंज्ञेय अपराध- ऐसे अपराध जिनमें पुलिस को बिना वारंट के गिरफ्तार करने का अधिकार नहीं होता है।

**इसके अलावा, अपराध दो प्रकार के होते हैं-**

- जमानतीय अपराध- ऐसे अपराध जिनमें जमानत का प्रावधान होता है। और पुलिस थाने से ही पुलिस अधिकारी जमानत पर आरोपी को छोड़ देते हैं।

- अजमानतीय अपराध- ऐसे अपराध जिनमें जमानत का प्रावधान नहीं होता है, लेकिन न्यायालय को लगता है कि अपराध करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य एवं तथ्य साबित नहीं हो पा रहे हैं तब न्यायालय अजमानतीय अपराध में भी आरोपी को जमानत दे सकता है।

**पुलिस थाने से आरोपी को किस कानून के अंतर्गत तुरंत जमानत मिलती है जानिए-**

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 47 की उपधारा 02 की परिभाषा ??

जहां कोई पुलिस अधिकारी अजमानतीय अपराध के अभियुक्त व्यक्ति से भिन्न किसी व्यक्ति को वारंट के बिना गिरफ्तार करता है वहां वह गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को सूचना देगा कि वह जमानत पर छोड़े जाने का हकदार है और वह अपनी ओर से प्रतिभुओं का इंतजाम करे ।

**सरल भाषा में -**

यदि पुलिस अधिकारी कोई व्यक्ति गिरफ्तार करता है, जिसने छोटा अपराध किया है-

तो पुलिस अधिकारी उस व्यक्ति को बताएगा कि वह जमानत पर छोड़ा जा सकता है।

वह व्यक्ति अपने जमानतदारों का इंतजाम कर सकता है।

**उदाहरण के लिए -**

पुलिस अधिकारी एक व्यक्ति को छोटी चोरी के आरोप में गिरफ्तार करता है पुलिस अधिकारी उस व्यक्ति को बताता है कि वह जमानत पर छोड़े जाने का हकदार है, वह व्यक्ति अपने जमानतदारों का इंतजाम कर सकता है और जमानत पर छोड़ दिया जा सकता है।

# BNS-59,पुलिस अधिकारी द्वारा अपराध की जानकारी छुपाना कब अपराध होता है जानिए

प्रत्येक लोक सेवक का कर्तव्य है की वह अपराध निवारण का कार्य करे उसके सामने हो भी घटाना हो रही है उसकी जानकारी वह संबंधित उच्च अधिकारी को दे , ऐसे में बहुत से लोक सेवक आपने इस कर्तव्य का पालन नहीं करते हैं और घटित अपराध या आरोपी की जानकारी छुपा लेते है जिससे अपराध करने वाले को संरक्षण मिल जाता है ऐसे पुलिस अधिकारी या लोक सेवक के लिए कानून में क्या दण्ड का प्रावधान है जानिए

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 59 की परिभाषा ??**

अगर कोई व्यक्ति लोक सेवक है और वह किसी भी अपराध की जानकारी छुपाता है या आरोपी को अपराध करने में मदद करता है जिससे अपराध करने वाले व्यक्ति को अपराध करने में आसानी होगी तब ऐसा लोक सेवक क्ष्हस् की धारा 59 की धारा के अंतर्गत दोषी होगा ।

THE BHARATIYA NYAYA SANHITA, 2023,SECTION 59 PROVISION OF PUNISHMENT

इस धारा के अपराध संज्ञेय/असंज्ञेय, जमानतीय/अजमानतीय दोनों प्रकार के अपराध हो सकते हैं अर्थात? पुलिस अपराध के अनुसार एफआईआर दर्ज कर सकती है एवं NCR भी दर्ज कर सजती है। इस अपराध का विचारण उस न्यायालय में होगा जहां पर दुष्प्रेरित अपराध का यह समझोता योग्य नहीं है अर्थात इस अपराध में राजीनामा नहीं होता है।

1. अगर अपराध नहीं किया गया है तब आरोपी को अधिकतम सजा की एक चौथाई सजा के दण्ड से दण्डित किया जाएगा या जुर्माना या दोनों से

2. अगर आरोपी द्वारा अपराध कर दिया गया है तब अपराध छिपाने वाले लोक सेवक को अपराध की अधिकतम सजा की आधी सजा से दण्डित किया जाएगा या जुर्माना या दोनों से।

3. यदि लोक सेवक मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास से दण्डित अपराध की जानकारी छुपाता है तब उसे दस वर्ष तक की कारावास से दण्डित किया जाएगा।

**?? लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**

# उद्यमशीलता से भारत को एक बार फिर बनाएंगे सोने की चिड़िया : मुख्यमंत्री

## सर्वे भवंतु सुखिनः' की सनातन संस्कृति को चरितार्थ करते हैं, उद्योगपति



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में उद्यमशीलता के माध्यम से हम भारत को एक बार फिर सोने की चिड़िया बनाएंगे। वर्ष 2014 में जब मोदी की सरकार बनी थी, भारत की अर्थव्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां थीं। भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था। हमने अपनी आंतरिक शक्तियों, अनंत संभावनाओं को पहचाना और आज हम आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी तेज गति से विकास हो रहा है। हमारा मध्यप्रदेश 9 करोड़ का परिवार है और आने वाले 5 वर्षों में हम अपनी जीडीपी को दोगुना करने वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगपति हमारी ÷सर्वे भवंतु सुखिनः÷ की सनातन संस्कृति को चरितार्थ करते हैं। एक योद्धा जिस प्रकार युद्ध में देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देता है उसी प्रकार एक उद्यमी कई परिवारों का भला करता है। यदि हम सभी अपनी-अपनी भूमिका को ठीक ढंग से निभाएं तो सभी का कल्याण होगा और देश तरक्की करेगा। अपने लिए जिए तो क्या जिए, हमें सभी के कल्याण के लिए जीना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरलता, सुगमता के साथ व्यापार, व्यवसाय हमारी औद्योगिक नीति है। राज्य में उद्योगों के अनुकूल वातावरण है। हम उद्योगों को सहकार, सहयोग और सम्मान देते हैं। राज्य में औद्योगिक श्रमिकों की कोई परेशानी नहीं है। पर्यटन, आईटी सेक्टर और रेडीमेड गारमेंट्स आदि क्षेत्रों में उद्योगों को विशेष इंसेन्टिव दिए जाते हैं। रेडीमेड गारमेंट्स में 200 प्रतिशत तक मदद दी जाती है और 10 वर्ष तक 5 हजार रूपये प्रति मजदूर इंसेन्टिव भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक युवा को उसकी योग्यता और दक्षता के अनुरूप रोजगार मिलेगा। मध्यप्रदेश में पिछले कुछ समय में 6 रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित किये गए हैं, जिनमें 04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, और इनसे 3 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मध्यप्रदेश में आगामी 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव आयोजित की गई है। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को तलाशते हुए, सभी विभाग अपनी नीतियां बना रहे हैं, जो शीघ्र ही तैयार हो जाएंगी। प्रदेश में नव उद्यमिता (स्टार्ट-अप) को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस की सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे लिए विकास का अर्थ केवल भौतिक अधोसंरचनाओं का विकास नहीं है, हम समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए मिशन प्रारंभ किया है, जिस पर हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल, अनूपपुर, उमरिया क्षेत्र धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण हैं, परंतु इस क्षेत्र का विकास कहीं न कहीं रुका हुआ था। अब इनके विकास का समय आया है, आगामी वर्षों में यहां सर्वांगीण विकास होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संतुलित विकास की दिशा में कदम बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश की 7वीं रीजनल इंडस्ट्रीज कान्क्लेव %अपार संभावनाओं की भूमि% शहडोल में आयोजित हुई है। उद्योगपतियों द्वारा यहां अपने अनुभव साझा किये गये है।

# सभी नागरिक टीबी की जांच अवश्य कराएँ : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सभी नागरिक टीबी की जांच अवश्य कराएँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसमें भारत सरकार द्वारा वर्ष-2025 तक भारत को क्षय रोग मुक्त किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा मंदसौर में निक्षय मित्र बनकर फूड बॉस्केट भी प्रदान किये गये। उन्होंने सभी से निक्षय मित्र बनने की अपील भी की। निक्षय मित्र बनने के लिए निक्षय मित्र का नाम, मोबाईल नंबर, ई-मेल आई.डी. एवं एड्रेस की आवश्यकता होती है। निक्षय मित्र बनने के लिएलिंक पर जाकर संबंधित जानकारी दर्ज कर नि-क्षय मित्र बना जा सकता है। या मोबाइल नंबर +91 9425108553 पर संपर्क भी कर सकते हैं।

# 'सेल्फी से उपस्थिति के आधार पर ही हो रहा वेतन भुगतान

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 20 हजार से अधिक नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिक अपनी उपस्थिति सेल्फी के माध्यम से दर्ज करा रहे हैं। ई-उपस्थिति के आधार पर ही वेतन भुगतान हो रहा है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो वेतन कटौती हो रही है। यह क्रम विगत तीन वर्षों से चल रहा है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सभी कार्मिक अपनी उपस्थिति प्रतिदिन कार्यालय प्रारंभ होने के निर्धारित समय प्रातः 10 बजे एवं शाम को कार्यालय छोडने के समय 6 बजे सेल्फी आधारित उपस्थिति प्रणाली अथवा बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली के माध्यम से दर्ज करा रहे हैं कंपनी ने कहा है कि इससे एक ओर जहां कार्मिकों में अनुशासन की भावना को प्रोत?साहन मिल रहा है, वहीं उपभोक?ता सेवाओं को समय पर पूर्ण करने करने के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है।

# राष्ट्रीय पशुधन मिशन में मध्यप्रदेश बना 'बैस्ट परफॉर्मिंग स्टेट'




**भोपाल।** केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग को उत्कृष्ट कार्य के लिए ÷बैस्ट परफॉर्मिंग स्टेट÷ का पुरस्कार प्रदान किया गया है। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधितों को बधाई दी और आशा व्यक्ति की है कि भविष्य में भी योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अव्वल रहेगा। केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता विकास कॉन्क्लेव में यह पुरस्कार मध्यप्रदेश के दल को प्रदान किया। प्रदेश से योजना के नोडल अधिकारी डॉ. भगवान मधनानी, डॉ. शिवदत्त श्रीवास्तव और डॉ. प्रखर भार्गव, उप संचालक ने पुरस्कार प्राप्त किया। केन्द्रीय सचिव, पशुपालन एवं डेयरी श्रीमती अल्का उपाध्याय, पशुपालन आयुक्त डॉ अभीजीत मिश्रा तथा डॉ. पी.एस. पटेल संचालक पशुपालन एवं डेयरी द्वारा भी इस उपलब्धि के लिए प्रदेश के अधिकारियों को बधाई दी गई है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम अंतर्गत मध्यप्रदेश में अभी तक 4800 से अधिक आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 530 प्रकरणों में राशि 387.23 करोड़ रूपये बैंकों से स्वीकृत होकर केन्द्र सरकार द्वारा 450 प्रकरणों में 155.36 करोड़ रूपये स्वीकृत किये जा चुके हैं। स्वीकृत प्रकरणों में लगभग 250 उद्यमियों को प्रथम किश्त और 32 को द्वितीय किश्त की अनुदान राशि स्वीकृत होकर प्राप्त हो चुकी है जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है।

## उत्कृष्ट उद्यमी भी हुए सम्मानित

कॉनक्लेव में पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देने और केन्द्रीय उद्यमिता विकास योजनाओं राष्ट्रीय पशुधन मिशन-उद्यमिता विकास कार्यक्रम और पशुपालन अधोसंरचना विकास निधि अंतर्गत लाभांवित उद्यमियों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### आर्मी मैंन की खड़ी फसल पर

# तहसीलदार की मौजूदगी में ट्रैक्टर चलाया



**उदयपुरा।** रायसेन जिले की उदयपुरा तहसील के अंतर्गत ग्राम उड़दमऊ के तुलाराम अहिरवार मेघालय में थल सेना में पदस्थ है उनकी पत्नी क्रांति बाई अहिरवार की जमीन ग्राम शोभापुर मौजे में आती है ।उनकी जमीन पर चने की फसल खड़ी थी तभी चेतराम कटियार और उसके परिजनों ने बिना किसी सूचना के खेत में से ट्रैक्टर निकाल दिया ।चेतराम कटियार एक बैंक में प्रबंधक है और राजनैतिक लोगों से संबंधों का पूरा लाभ उठाते है ।फसल पर ट्रैक्टर चलाते समय उदयपुरा तहसीलदार आस्था चिढ़ार सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे ।अब सवाल यह उठता है की अचानक बिना कोई सूचना दिए एक किसान की फसल पर ट्रैक्टर चलाना कहा का न्याय है जबकि बहा तहसीलदार खुद मौजूद थे ।किसान की फसल का नुकसान का मुआवजा कौन देगा यह प्रश्न चिन्ह बना हुआ है।चेतराम कटियार पहले भी कई बार खेत का नुकसान कर चुके है थाना उदयपुरा में पूर्व में भी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई आज तक नहीं हुई।अब सवाल यह उठता है की जो देश की सेवा में अपनी जान की कुर्बानी की भी चिंता नहीं कर रहे है उनके ही न्याय नहीं मिल पा रहा है।

# श्री ऑरोबिंदों एव स्वामी विवेकानंद के सपनों का युवा भारत





अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं अमरनाथ विद्या आश्रम में युवा दिवस के उपलक्ष्य में श्री ऑरोबिंदों सोसाइटी के तत्वावधान में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का विषय था ÷श्रीऑरोबिंदों एव स्वामी विवेकानंद के सपनों का युवा भारत। इस प्रतियोगिता में कुल 150 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया । सभी प्रतिभागियों को श्रीऑरोबिंदों के जीवन परिचय पर आधारित एक पुस्तिका भी उपहार स्वरूप भेट की गई । प्रतियोगिता के प्रारंभ में डॉ अनिल कुमार वाजपेयी जी ने सभी प्रतिभागियों को युवा दिवस की शुभकामनाएँ दी और कहा कि हम सभी को मिलकर श्री ऑरोबिंदों एव स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात् कर अपने जीवन में उतारना होगा तभी हम विश्व गुरु बन सकेंगे । निर्णायक की भूमिका डॉ आरती पाठक जी ने निभाई एव सभी विजयी छात्र - छात्राओ को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में शिखा अग्रवाल, पंकज कुमार ,अक्षय वर्मा ,शीतल कुमारी ,मानसी शर्मा , तनु थेनुआ मुख्य विजेता रहे। इस अवसर पर डॉ निर्मल वर्मा, श्री रोहित वाजपेयी ,नूतन देहर ,डॉ सरिता शर्मा ,सारिका भाटिया, शुभम वाजपेई,शालिनी, दीक्षा आदि उपस्थित रहे ।




# 12 साल तक बदले की आग में जले दो भाई, फिर मौका देख मां के आशिक का किया कत्ल, नाजायज संबंध की वजह से पिता ने की थी आत्महत्या

**शहडोल से रोहित तिवारी**



शहडोल जिले के अंतिम छोर स्थित सीधी थाना क्षेत्र के ग्राम मीठी में नाजायज संबंधों के चलते नाई की हत्या करने वाले दोनों सगे भाइयों को सीधी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की मां से नाई के नाजायज संबंध के चलते पिता ने 12 साल पहले सुसाइट कर लिया था। तब से दोनों भाइयों में बदले की आग में जल रही थी। 12 साल बाद मौका मिलते ही नाजायज रिश्ते का दोनों भाइयों ने मिलकर अंत कर दिया। शहडोल जिले के ग्राम मीठी के रहने वाले नाई का काम करने वाले चोखे लाल नापित का गत दो दिन पहले गांव के ही रहने वाले दो सगे भाई आरिफ और शाकिर ने मिलकर हत्या कर दी। फिर शव को बाइक में रखकर 8 किलोमीटर दूर जंगल के झाड़ियों में फेंककर फरार हो गए थे। सीधी पुलिस ने आरोपी के झिकबिज़री ससुराल से घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों के मां से नाई चोखे लाल का नाजायज संबंध होने के कारण उसके पिता ने लगभग 12 साल पहले सुसाइट कर ली थी। इसके बाद भी नाई चोखेलाल का आरोपियों की मां से संपर्क बना रहा और आनाजान भी लगा रहा। यह बात तब से उन दोनों भाइयों को खटक रही थी। इसी बात का बदला लेने के लिए दोनों ने 12 साल इंतजार किया और जब वो बड़े हुए मौका देखकर वारदात को अंजाम दे दिया। मामले में सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा का कहना है कि, नाई की हत्या करने वाले दोनों सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अब तक खरीदी गई 40 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान

## किसानों के खातों में 6489 करोड़ 39 लाख रूपये की राशि हुई अंतरित

भोपाल। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 6 लाख 22 हजार किसानों से 40 लाख 37 हजार 274 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान का उपार्जन 23 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में अभी तक 6489 करोड़ 39 लाख रूपये की राशि अंतरित कर दी गई है। खरीदी गई धान में से 32 लाख 84 हजार 233 मीट्रिक टन उपार्जित धान का परिवहन किया जा चुका है। कुल 9 लाख 27 हजार मीट्रिक टन धान मिलर्स को भेजी जा चुकी है। प्रदेश के बालाघाट में 5 लाख 19 हजार 133, सतना 3 लाख 83 हजार 660, कटनी 3 लाख 93 हजार 602, रीवा 3 लाख 36 हजार 573, जबलपुर 3 लाख 48 हजार 522, सिवनी 2 लाख 72 हजार 773, मण्डला 1 लाख 88 हजार 464, शहडोल 1 लाख 82 हजार 963, मैहर 1 लाख 58 हजार 350, नर्मदापुरम 1 लाख 53 हजार 844, सिंगरौली 1 लाख 34 हजार 24, पन्ना 1 लाख 42 हजार 881, उमरिया 1 लाख 21 हजार 145, सीधी 1 लाख 16 हजार 530, अनूपपुर 90 हजार 763, मऊगंज 91 हजार 418, दमोह 78 हजार 273, नरसिंहपुर 72 हजार 134, डिंडोरी 65 हजार 519, रायसेन 44 हजार 935, बैतूल 42 हजार 108, सीहोर 34 हजार 757, सागर 16 हजार 554, छिन्दवाड़ा 11 हजार 371, भिंड 1664, विदिशा 1168, हरदा 1212, शिवपुरी 731, मुरैना 129, अलीराजपुर 56 और झाबुआ जिले में 18 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

# नगर पालिका शहडोल द्वारा आयोजित बाणगंगा मेला दौरान हैवी ट्रॉफिक का डायवर्सन प्लान ( दिनांक 14.01.2025 से 20.01.2025 तक)

रिपोर्ट - रोहित तिवारी

### बसों का डायवर्सन प्लान

1. उमरिया/ रीवा से अनूपपुर- उमरिया से अनूपपुर की ओर जाने वाले बसें चंदनिया बैरियर से नये बायपास होकर, राजाबाग चौक, थाना सोहागपुर के सामने से, मेडिकल कालेज चौराहा, कुदरी रोड/ किया तिराहा होकर नये बस स्टैण्ड शहडोल आएंगे इसी प्रकार रीवा से अनूपपुर की ओर जाने वाले बसें राजाबाग चौक से, थाना सोहागपुर के सामने से, मेडिकल कालेज चौराहा, कुदरी रोड/ किया तिराहा होकर नये बस स्टैण्ड शहडोल आएंगे।

2. अनूपपुर से उमरिया/ रीवा- अनूपपुर से उमरिया की ओर जाने वाले बसें न्यू बस स्टैण्ड शहडोल से कुदरी रोड/ किया तिराहा होकर, नये बायपास, मेडिकल कालेज चौराहा, थाना सोहागपुर के सामने से राजाबाग चौक, चंदनिया बैरियर होकर उमरिया की ओर जाएंगे एवं अनुपपुर से रीवा की ओर जाने वाले बसें न्यू बस स्टैण्ड शहडोल से कुदरी रोड/ किया तिराहा होकर, नये बायपास, मेडिकल कालेज चौराहा, थाना सोहागपुर के सामने से राजाबाग चौक होकर रीवा की ओर जाएंगे।

भारी वाहनों का डायवर्सन प्लान

1. उमरिया से शहडोल, अनूपपुरः- उमरिया से शहडोल अनूपपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन मेला के समय चंदनिया न्यू बायपास तिराहा से, राजाबाग चौक, थाना सोहागपुर के सामने से, मेडिकल कालेज कालेज चौराहा,किया तिराहा होकर अनूपपुर की ओर जाएंगे ।

2. रीवा से शहडोल, अनूपपुर- रीवा से शहडोल अनूपपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन राजाबाग चौक से नये बायपास होकर, थाना सोहागपुर के सामने से, मेडिकल कालेज चौराहा, किया तिराहा होकर अनूपपुर की ओर जाएंगे।

3. अनूपपुर से उमरिया, रीवा- अनूपपुर से उमरिया एवं रीवा की ओर जाने वाले भारी वाहन नये बायपास होकर,किया तिराहा से, मेडिकल कालेज चौराहा, थाना सोहागपुर के सामने से, राजाबाग चौक से रीवा रोड होकर रीवा एवं चंदनिया बैरियर होकर उमरिया की ओर जाएंगे।

4. सिंहपुर से उमरिया, रीवा- सिंहपुर से उमरिया एवं रीवा की ओर जाने वाले भारी वाहन बगिया तिराहा से, नये बायपास होकर, किया तिराहा, मेडिकल कालेज चौराहा, थाना सोहागपुर के सामने से, राजाबाग चौक से रीवा रोड होकर रीवा एवं चंदनिया बैरियर होकर उमरिया की ओर जाएंगे।

4. अनूपपुर से शहडोल- अनूपपुर से शहडोल आने वाले भारी वाहन किया तिराहा होकर आएंगे।

नोटः- कोई भी भारी वाहन / बसें मेला के समय न्यू बस स्टैण्ड से बाणगंगा तिराहा मार्ग (पुराना बायपास मार्ग) का उपयोग नहीं करेंगे।

# विंध्य क्षेत्र के लिए बाणसागर डैम एक वरदान–उप मुख्यमंत्री

## त्योहार हमें आपस में खुशियां बांटने के देते है अवसर - उप मुख्यमंत्री

## नगर परिषद खांड (बाणसागर) में किया गया सोंण महोत्सव का आयोजन

रिपोर्ट – रोहित तिवारी

शहडोल - प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि शहडोल जिले में बना बाणसागर डैम विंध्य क्षेत्र के लिए एक वरदान है, बाणसागर डैम से विंध्य क्षेत्र के साथ-साथ कई प्रदेशों में पीने एवं सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी को शहडोल में रीजनल इंडस्ट्रियल कांक्लेव आयोजित होने वाली है, जिससे शहडोल संभाग में उद्योग की क्रांति आएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा है विंध्य क्षेत्र में उद्योग की क्रांति के साथ-साथ पर्यटन क्रांति को भी बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन के क्षेत्र में विंध्य क्षेत्र भी एक आकर्षण का केंद्र है, यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।



उन्होंने कहा है कि बाणसागर डैम के टापू में बना सरसी आईलैंड भी एक मुख्य पर्यटक केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा है कि आगामी कुछ समय में पर्यटक सरसी आईलैंड से जल मार्ग द्वारा बाणसागर डैम तक सफर कर पर्यटन का आनंद उठा सकेंगे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल आज शहडोल जिले के नगर परिषद खांड (बाणसागर) में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित सोंण महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व बहुत ही उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर नदियों के किनारे एवं स्थानीय मंदिरों में मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें काफी संख्या में उत्साह के साथ लोग सपरिवार मेले में सम्मिलित होकर मेले का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि 144 वर्ष बाद इस वर्ष उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है करोड़ों की संख्या में लोग पावन गंगा मेंआस्था की डुबकी लगा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा है कि हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। यहां के त्योहार, संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। त्योहार हमें आपस में मिलजुल कर खुशियां बांटने का अवसर देते हैं। त्योहार हमेशा आपस में मिल -जुल कर एवं बच्चों के साथ मनाना चाहिए जिससे आगामी पीढ़ी भी हमारी संस्कृति को अपने जीवन में ग्रहण कर सके। आयोजित सोंण महोत्सव कार्यक्रम सांसद संसदीय क्षेत्र सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल ने भी संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री श्री रामखेलावन पटेल,अध्यक्ष जनपद पंचायत ब्यौहारी श्रीमती आकांक्षी सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे, अध्यक्ष नगर परिषद ब्यौहारी श्री राजन गुप्ता, अध्यक्ष नगर परिषद खांड श्रीमती सुशीला सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित रहे?।

# मेला का आयोजन सांस्कृतिक धरोहरों को दर्शाती है-सांसद सात दिवसीय बाणगंगा मेला का सासंद ने किया शुभारंभ

रिपोर्टर-रोहित तिवारी



शहडोल - संभागीय मुख्यालय शहडोल में मकर संक्रांति के अवसर पर सात दिवसीय बाणगंगा मेला का शुभारंभ सांसद संसदीय क्षेत्र शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह ने फीता काटकर किया तथा मेले के ध्वज को फहराया। बाणगंगा मेला के शुभारंभ अवसर पर सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक युग में भी हमारे क्षेत्र में मेलों का आयोजन किया जा रहा है यह कही न कही हमारी सांस्कृतिक धरोहर की झलक को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन सामाजिक समरसता का संदेश देता है यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि सामाजिक समरसता को भी प्रगाढ़ करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बाणगंगा मेला और भव्य होगा। बाणगंगा मेला के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि यह बाणगंगा मेला अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक है जहां दूर-दूर से लोग उत्साह एवं उमंग के साथ आते है। उन्होंने कहा कि लोग सूर्य, नदियों की पूजा करते है जो प्राकृति की देन और प्राकृति के प्रति लोगो की आस्था को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मेले में आकर लोग तिल के लड्डू पतंग आदि का आनंद लेते है। इस अवसर पर विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री घनश्याम जायसवाल ने भी संबोधित कर मकर संक्रांति की नागरिकों को शुभकामनाएं दी। साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नगर पालिका श्री प्रवीण डोली, समाजसेवी श्री कमल प्रताप सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे, पार्षद श्री सिछ्छू रजक, समाजसेवी श्री संतोष लोहानी, श्री मनोज गुप्ता सहित अन्य अधिकारी, समाजसेवी व काफी संख्या में लोग उपस्थित थें।

# शहडोलःनशे के कारोबार पर कार्रवाई, कोतवाली एवं बुढ़ार पुलिस की सफलता'

- नशे के कारोबार पर कार्रवाई, कोतवाली एवं बुढ़ार पुलिस की सफलता
- NDPS ACT के तहत मामला दर्ज 05 आरोपी गिरफ्तार

शहडोल रोहित तिवारी

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के अभियान के तहत शहडोल कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 जनवरी 2025 को अंडरब्रिज, पुरानी बस्ती क्षेत्र में छापा मारकर 01किलो 561 ग्राम गांजा बरामद किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुखबिर सूचना के अनुसार राजेन्द्र नामदेव उर्फ राजा अपने घर में गांजा रखे हुए था जिसे वह अवैध रूप से विक्रय कर रहा था। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी को घर पर दबिश देते हुए तलाशी ली, जहां पर झोले में रखा हुआ बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जिसे वजन करने पर तौल गांजे का वजन 01किल. 561 ग्रा. कीमता करीबन (15,000रु.) निकला। आरोपी राजेन्द्र से पूछताछ में बताया की गांजा संजय मिश्रा से खरीदा था। संजय मिश्रा द्वारा कुछ दिन पहले उसे यह गांजा पहुंचाया था। जिसपर कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संजय मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी संजय को गिरफ्तार कर पूंछताछ करने पर आरोपी द्वारा गांजा विकास महाराज निवासी शाहपुर नाम के व्यक्ति से खरीद कर राजेन्द्र नामदेव को बेचना बताया गया। प्रकरण में आरोपी विकास फरार है, पुलिस द्वारा आरोपी की पता-तलाश की जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से गांजे के अतिरिक्त एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन कीमता करीबन (1,35,00) भी जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ इइइ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में सउनि. कामता पयासी, प्र.आर. मायाराम अहिरवार, आर. दयाशंकर सिंह, म.आर. अंकिता हल्दकार की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।




### थाना बुढ़ार

इसी तरह थाना बुढ़ार पुलिस ने गांजा तस्करी/विक्रय पर बड़ा खुलासा किया है। दिनांक 12.01.25 को मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम मरजाद में रिलायंस बेल के पास पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर 01किलो 970ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, एक धारदार चाकू (गुप्तीनुमा), एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया है। मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही पुष्पेंद्र द्विवेदी उर्फ सोनू पिता जयशंकर द्विवेदी, निवासी ग्राम छांटा को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा की तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों के नाम बताए। उनकी निशानदेही पर आरोपी सुमित उर्फ आदर्श सिंह पिता समर बहादुर सिंह, निवासी ग्राम चंगेरा और अमृतलाल यादव पिता बिहारीलाल यादव, निवासी बैरिहा को भी गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 01किलो 970ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, धारदार गुप्तीनुमा चाकू, एवं अन्य सामग्रियां जब्त की गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा और आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। आरोपी पुष्पेंद्र ने पूछताछ में बताया कि गांजा उसे शुभम शुक्ला नामक व्यक्ति ने उपलब्ध कराया था, जिसकी पता-तलाश जारी है। जप्तशुदा गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत 28,000 रुपये है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढ़ार निरी. संजय जायसवाल के नेतृत्व में सउनि. हरिकिशोर जाटव, प्र.आर. शंकर प्रजापति, आर. मयंक मिश्रा की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।

# शहडोलः हेलमेट और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु यातायात पुलिस द्वारा मोटर साइकिल रैली का आयोजन



शहडोल रोहित तिवारी

शहडोल। यातायात माह के अंतर्गत हेलमेट के उपयोग हेतु जागृति लाने के उद्देश्य से शहडोल पुलिस द्वारा मोटर साइकिल रैली निकाली गई जिसमें पुलिस अधीक्षक शहडोल श्रीरामजी श्रीवास्तमव द्वारा जय स्तंभ चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।बाइक रैली जय स्तंभ चौक से रवाना होकर राजेन्द्र टॉकीज तिराहा, न्यू गांधी चौक, बुढार चौक, बस स्टैंण्ड, बॉणगंगा तिराहा से होते हुए वापस जय स्तंभ चौक पर आकर समाप्त हुई। जागरूकता रैली में पुलिस अधीक्षक शहडोल के साथ उप पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश दीक्षित, यातायात निरीक्षक सेवेंदर राम भगत एवं यातायात का बल सम्मिलित हुआ रैली के द्वारा यातायात नियमों एवं हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया।

# शहडोलःखैरहा पुलिस द्वारा 5,000 रूपये का ईनामी फरार आरोपी गिरफ्तार



शहडोल रोहित तिवारी

शहडोल। पुलिस अधीक्षक जिला शहडोल के व्दारा चलाये जा रहे लगातार फरार आरोपियों की धरपकड़ के अभियान के तहत थाना खैरहा जिला शहडोल दिनांक 20.09.2024 को पंजीबद्ध अपराध एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी विकाश जायसवाल पिता वीरेंद्र जायसवाल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम देवगई थाना खैरहा जिला शहडोल (म.प्र.) जो लगातार फरार चल रहा था जिसके गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जिला शहडोल के द्वारा 5,000 रूपये ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी विकाश जायसवाल पनिका को दिनांक 13.01.25 को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खैरहा उ.निरी. दिलीप सिंह के नेतृत्व में सउनि. रामकरण सिंह, प्र.आर. दलवीर सिंह, आर. सतीश कुमार, आर. रोशन कुमार की सराहनीय भूमिका रही है।

# जानिए पैकिंग वाले पानी की बोतल पर लिखी एक्सपायरी डेट का सच,बोतलबंद पानी को कितने समय तक रखें सुरक्षित?

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश






आजकल शहरों में जहाँ आम आदमी पर बाजारवाद तथा आधुनिकता का गहरा प्रभाव पड़ा है वहीं बहुत सी मल्टीनेशनल कंपनियाँ इसका फायदा भी खूब उठा रही हैं इसी के चलते सभी को दुषित पानी से बचाने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर पैकिंग वाला पानी विक्रय किया जा रहा है । लेकिन ये प्लास्टिक की बोतल में धड़ल्ले से बेचा जा रहा पानी स्वास्थ्य के लिए कितना और कब तक सुरक्षित है। जी हाँ बहुत ही कम लोगों को ये जानकारी होती है की जो बोतल बंद पानी आप खरीदकर पीते हैं। उस बोतल पर कंपनीयों द्वारा जो एक्सपायरी डेट लिखी जाती है दरअसल वो पानी की एक्सपायरी डेट नहीं होती, बल्कि उस प्लास्टिक की बोतल की होती है जिसमें पानी भरकर बेचा जाता है। । पानी तो एक प्राकृतिक तत्व है और कभी स्वयं खराब नहीं होता है , हालाँकि प्लास्टिक की पानी की बोतल समय के साथ खराब हो जाती हैं तथा पानी में घुलने लगती हैं।और पानी में रसायन छोड़ना शुरू कर देती हैं। प्लास्टिक में मौजूद कैमिकल पानी में मिलकर उसका स्वाद और महक बदल देते हैं। इससे पानी की क्वालिटी खराब हो सकती है तथा स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव डाल सकते हैं। प्लास्टिक की बोतल में मौजूद कैमिकल से इम्यून सिस्टम प्रभावित हो सकता है । तथा गंभीर रोगों का कारण बन सकता है । बेहतर होगा कि आप समय रहते ही इसका उपयोग कर लें।कई लोग ऐसे सिंगल यूज बोतल का इस्तेमाल बाद में भी करते हैं जो कि आपके लिए खतरनाक हो सकता है। एक बात और प्लास्टिक की पानी की पैक बोतल को कभी भी धूप में न रखें क्योंकि धूप में रखने से उसमें से तेजी से कैमिकल निकलने लगते हैं व पानी में मिल जाते हैं। इसलिए लोगों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत कम्पनियाँ द्वारा बोतलों पर मैन्यूफ़ैक्चरिंग डेट से दो वर्ष तक की एक्सपायरी डेट लिखी जाती है। जिससे इनका उपयोग समय सीमा के अंदर करना सुरक्षित है । कुछ कंपनियां पानी की बोतलों पर तारीख के हिसाब से कोड भी डालती हैं। इससे स्टॉक रोटेशन मैनेज करने में सहायता मिलती है। ये कोड पानी के दूषित होने, प्रोडक्ट रिकॉल, और बॉटलिंग की गड़बड़ियों का पता लगाने में भी मदद करते हैं। ध्यान रखें पानी की बोतल पर लिखी एक्सपायरी डेट, पानी के खराब होने के लिए नहीं बल्कि प्लास्टिक की बोतल के खराब होने की होती है।

# सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का निराकरण करने के कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने दिये निर्देश

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश






कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण समय-सीमा में करें। सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि राजस्व महाअभियान 3.0 में प्रगति लाए एवं सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में तहसील हुज़ूर के समस्त पटवारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में एसडीएम श्री विनोद सोनकिया, तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर कार्य करें। बैठक में तहसील हुज़ूर की सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का अवलोकन किया एवं संबंधित पटवारियों को आवश्यक कार्यवाही नियत समय सीमा में करने के निर्देश दिए। भोपाल जिले की रैंकिंग सुधारने एवं गुणवत्ता पूर्ण निराकरण कर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एडीएम द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में तहसील कोलार ,एवं सीईओ ने तहसील बैरसिया की बैठक की अध्यक्षता की।

# कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनकर पाँच टीबी मरीज गोद लिए, कोई भी नागरिक निक्षय मित्र बनकर पोषण सहायता से जुड़ सकता है

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

टीबी उन्मूलन के लिए जनभागीदारी अभियान के तहत कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीकरण करवाकर पांच टीबी मरीजों की पोषण आहार सहायता की जिम्मेदारी ली गई है। मरीजों को 6 माह की उपचार अवधि तक प्रतिमाह फूड बास्केट उपलब्ध करवाई जावेगी। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत क्षय रोगियों को पोषण आहार की सहायता अतिरिक्त रूप से प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित समुदाय, सहायता कार्यक्रम में कोई भी नागरिक निक्षय मित्र बनकर जुड़ सकता है।

इस अवसर पर कलेक्टर भोपाल ने कहा कि क्षय उन्मूलन के उद्देश्य के लिए के लिए प्रत्येक समर्थ नागरिक इस जनभागीदारी कार्यक्रम से जुड़ सकता है। क्षय उन्मूलन के लिए भोपाल जिले में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में अपनी स्वैच्छिक सहभागिता देने के लिए अपील की है। फूड बास्केट में हाई प्रोटीन डाइट उपलब्ध करवाई जाती है, जिसमें प्रतिमाह 3




किलो आटा, 3 किलो तुवर दाल, 1 लीटर मूंगफली तेल, 1 किलो गुड़ मूंगफली चिक्की एवं 1 किलो रोस्टेड चना टीबी मरीजों को दिया जा रहा है। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित इस समुदाय सहायता कार्यक्रम में समय-समय पर समाज के विभिन्न लोगों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वैच्छिक रूप से फूड बॉस्केट दी जा रही है।निक्षय मित्र बनने की प्रक्रिया बेहद आसान है। इच्छुक व्यक्ति communitysupport.nikshay.in की साइट पर जाकर निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरकर निक्षय मित्र बन सकता है। इसके अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जयप्रकाश जिला चिकित्सालय, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, सिविल अस्पताल डॉ कैलाशनाथ काटजू, सिविल अस्पताल बैरागढ़, सिविल अस्पताल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार, जिला क्षय केंद्र ,पलमोनरी मेडिसिन सेंटर गैस राहत , टीबी अस्पताल , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिसरोद के माध्यम से भी निक्षय मित्र बना जा सकता है। शासन द्वारा मरीज को उपचार अवधि में 1000 रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जाता है। मरीजों के बैंक विवरण लेकर निक्षय पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने पर मरीजों को आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जाती है। क्षय उन्मूलन के लिए प्रत्येक नए मरीज के अनिवार्य नोटिफिकेशन, प्रत्येक नोटिफाइड मरीज का पूरा इलाज, सपोर्टिंग सिस्टम को मजबूत करना शामिल किया गया है। उन्होंने ने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने जन्मदिन, सालगिरह, त्योहार इत्यादि को यादगार बनाने के लिए निक्षय मित्र बनकर टीबी उन्मूलन में अपना योगदान दे सकता है।

## मां भारती पुकारती



जश्न है आजादी की
खुशियां हर लोग में,
उत्सव है घर घर ,
हर्ष और उल्लास सब लोग में।
ग्रस्त है कोई रोग से
कोई मस्त है योग और भोग से
तो कोई मदमस्त है सत्ता के लोभ में।
याद करते ही शहीदों को
मन डूब जाता है शोक में।
स्वतंत्रता की खातिर
चली थी शहीदों की आंधी,
भगत,सुभाष,चंद्रशेखर,
खुदीराम सहित गांधी।
ऊधम,कुंवर,तात्या, नाना,
बिरसा सहित तिलका मांझी।
गुमनाम है कितने जो
हंसते - हंसते प्राण दे दिए
वो वीर था भारतवासी ,
पूछता है भारत..
दिल पर रख हाथ कहिए
देश क्या आजाद है!
जहां संविधान और तिरंगे को है
जलाया जाता क्या ये नहीं अपराध है
स्वर्ग सी धरा केसर क्यारी
कश्मीर क्यों अशांत है,
तपोभूमि हिमालय था प्रहरी
देश का आज क्यों खामोश और शांत है।
हमने सुना था द्वापर में
चीर हरण हुआ था द्रोपदी का ,
आया समय त्रेता में
रावण ने किया हरण सीता का।
पर आज हर रोज शील भंग होता,
हरण होता नारियों का,
धृतराष्ट्र है मौन बैठा संग खड़ा कौरवी सेना।
क्या आज भी तुझे इंतजार है
उसे बचाने आएगा कोई,
बन सारथी पार्थ संग सेना भीम का ।
है नहीं सुरक्षित बहू - बेटियां
पैरों में लगी है लोहे की बेड़ियां,
हिम्मत करके जब वो निकलती बाहर
टूट पड़ते उस  हब्सी भेडियां।
जाति धर्म के नाम उन्माद है फैलाते
और कहते आपस में है एभाई - भाई का नाता,
न अजान उनको लुभाते
न उनको कीर्तन सुहाते।
अरदास हो कहीं सत्संग वो न जाते
कहते रिश्ता हमें है खूब निभाना  आता।
हर्ष है उमंग है आजादी का प्रसंग है,
जंग है जीत है , एक ही भारतीय रंग है।
बोल हो अलग - अलग
हो भाषा एक राष्ट का,
गीत हो अलग - अलग , पहचान
हो गान एक राष्ट का।
रंग हो अलग - अलग,
हो स्वरूप एक राष्ट का ,
है धरती ये बुद्ध की,
फिर उन्माद क्यों युद्ध का ।
भीम हो रही असह्य पीड़ा, मां भारती पुकारती
फिर से हों आजाद हम, हमें स्वतंत्रता पुकारती

# भोपाल क्राइम ब्रांच ने की नशा तस्करों पर कार्रवाई, तस्करों से दो दोपहिया वाहन समेत 2,80,000 रूपये का गांजा बरामद

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि सी सेक्टर म.न 682 के सामने पार्किंग टीन सेड थाना शाहपुरा भोपाल में तीन संदिग्ध लडके दो अलग अलग मोटरसाइकल पर दो नीले रंग के प्लास्टिक के ड्रम में गांजा रखे हुए खड़े है। किसी ग्राहक का इंतजार गांजा बेचने के लिये कर रहे हैं । सूचना विश्वनीय होने से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवा कर बताये गये स्थान शाहपुरा पहुँचे तथा तीनों संदिग्धों को घेराबंदी कर अभिरक्षा मे लेकर उनका नाम पता इत्यादि पूछा गया जिनमें एक नाबालिग तथा दो सूखीसेवनिया भोपाल के निवासी थे। इसके बाद संदेहियों के पास से मिले प्लास्टिक के ड्रम के बारे में पूछा तो तीनों ने स्वयं का होना बताया । उनके पास से मोटर साइकल पर टंगे दोनों प्लास्टिक के नीले रंग के ड्रम की तलाशी ली गई तो तलाशी में दोनों प्लास्टिक के ड्रमों के अंदर ब्राउन रंग के टेप से लिपटे 14-14 पैकेट मिले जिन्हें खोलकर चेक किया तो उसके अंदर कोई पदार्थ था जिसके बारे मे पूछने पर प्राप्त सामान गांजा होना बताया गांजे का कुल वजन 27 किलो 200 ग्राम तथा कीमत लगभग 2,80,000 रूपये थी। आरोपी सस्ते दामों में गांजा लाकर भोपाल में खपाते थे। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दोनों मोटर साइकल को जप्त कर पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।तीनों आरोपियों से गांजे की खरीद और सप्लाई के नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया




**पत्रकार.बीआर अहिरवार / नर्मदापुरम।** आज प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे जी के द्वारा नशा मुक्ति की वर्तमान में आवश्यकता का महत्व विद्यार्थियों को बताया गया उन्होंने युवा वर्ग को नशे से दूर रहने तथा घर परिवार समाज को नशे से मुक्त भारत के निर्माण करने की प्रेरणा दी। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. के जी मिश्र ने कहा की नशा मुक्ति युवा वर्ग ही स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण करने की पहल कर सकते हैं। डॉ बीएल राय विभाग अध्यक्ष भूगोल विभाग ने कहा हमें एक मजबूत राष्ट का निर्माण करना करना है तो हमें नशे को जड़ से उखाड़ फेंकना जरूरी है। साथ ही डॉ. बीएल राय ने नशा मुक्ति की शपथ भी विद्यार्थियों को दिलाई गई । जिसमें छात्र मनीष ,अमित कश्यप, आकाश,धर्मेंद्र कटारे,भूपेंद्र पाल ,प्रीति कटारे ,पूजा पुरी ,मीनाक्षी चौहान ,रिया मालवीय और छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।




# मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सिंगल क्लिक से रायसेन जिले की ढाई लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 30 करोड़ से अधिक राशि अंतरित की

## लाड़ली बहनों को चूड़ी, बिंदी और गजक भी वितरित की गई

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**




रायसेन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा रविवार को शाजापुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की लाडली बहनों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना अंतर्गत सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लाडली बहना योजना अंतर्गत रायसेन जिले की 2,47,998 हितग्राही लाड़ली बहनों के खाते में कुल राशि रू 30,29,40,900   अंतरित किए गए। इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का रायसेन स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, कलेक्टर श्री अरविंद दुबे, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार सहित महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों तथा हितग्राही लाड़ली बहनों द्वारा लाइव प्रसारण देखा वा सुना गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा लाड़ली बहनों को चूड़ी, बिंदी और गजक भी प्रदान की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को माह दिसंबर 2024 की राशि तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं तथा गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी की लाडली बहन हितग्राहियों के बैंक खातों में भी सिंगल क्लिक से सहायता अनुदान राशि अंतरित की गई।

# नर्मदा सेवा संगठन ने की घाटों की सफाई

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**



देवरी रायसेन। मकर संक्रांति का त्यौहार बड़ी धूमधाम से श्रद्धालुओं ने मनाया इस अवसर पर सभी श्रद्धालु नर्मदा तट पर पहुंचे और पूजा अर्चना कर नर्मदा मैया में डुबकी लगाई । इस बीच नर्मदा तटो पर, मेलो का भी आयोजन किया गया था। भक्तों ने आस्था से नर्मदा पूजन तो किया और डुबकी भी लगाई, लेकिन उत्साह और भक्ति प्रदर्शन की होड़ में सफाई का ध्यान नहीं रखा । इस मेले के कारण रमपुरा रिछावर, नया खेड़ा, शुक्लपुर, केतोघान, बोरास नर्मदा तट के किनारे मेले के दूसरे दिन, कचरा और गंदगी के ढ़ेर लगे रहे। नर्मदा नदी में पूजन सामग्री दोना पत्तल तैरते नजर आए। इस मौके पर मां नर्मदा सेवा संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सभी घाटों पर जाकर आस्था के साथ अपने हाथों से सफाई की, और पूजा अर्चना की। सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर देवेंद्र धाकड़ ने कहा कि हमारे नर्मदा सेवा संगठन के  सैकडो कार्यकर्ता, हमेशा मानव सेवा और नर्मदा मैया की सेवा में लगे रहेगे।

# एकता क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

## भोपाल ने बाड़ी को हराया, विजेता का खिताब जीता

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**



उदयपुरा। एकता क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में स्थानीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई खेल परिसर (ताल कटोरा स्टेडियम) में आज फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया। फाइनल मैच में भोपाल ने बाड़ी को हराते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि बाड़ी उपविजेता बनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाड़ी की टीम ने 69 रन जोड़े इसके बाद भोपाल टीम ने आसानी से मैच को जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री श्री रामपाल सिंह राजपूत, पूर्व हिंदुत्व समिति अध्यक्ष श्री शिवनारायण मालानी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री बृजेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्री केशव पटेल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्री शिबबू लाल साहू और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विजेता टीम को एक लाख रुपए और शील्ड प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को ?50,000 और शील्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कैचर, मैन ऑफ द सीरीज और मैन ऑफ द मैच पुरस्कार भी वितरित किए गए। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों में वैवल राजपूत, जितेंद्र रघु, विनोद रघु, मनोज तोमर, मनोज दीक्षित, और भगवान सिंह बड़कुर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनता और खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था। बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने आयोजन को शानदार और सफल बनाया।

## गणतंत्र दिवस परेड : अमर नाथ की छात्रा करेगी नेतृत्व



अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्रा निधि चौधरी आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर दिल्ली राजपथ की परेड मे गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स का कमांडर बनकर नेतृत्व करेंगी। पूरे उत्तर प्रदेश से केवल 11कैडेट्स का चयन दिल्ली के लिए हुआ था जिसमें अमरनाथ की कैडेट निधि भी शामिल थी,उसकी कड़ी मेहनत और लगन से उसका चयन अब ऑल इंडिया से 144 गर्ल्स कैडेट्स के कमांडर के रूप में हुआ है । निधि अब पूरे दल के सबसे आगे चलेगी । कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेई ने कहा कि निधि ने कॉलेज का ही नहीं मथुरा का मान बढ़ाया है। ,कॉलेज की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ मनोरमा कौशिक ने बताया कि अमरनाथ में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तथा सीनियर अंडर ऑफिसर निधि चौधरी पुत्री ब्रह्म कुमार चौधरी को रक्षा मंत्रालय के तहत गणतंत्र दिवस शिविर 2025 के लिए चुना गया है। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्रा निधि चौधरी परेड का नेतृत्व करते हुए महामहिम राष्टपति एवं अन्य अतिथियों के सामने मार्च पास्ट एवं सलामी देकर कॉलेज का मान बढ़ाएगी 10 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेंद्र सिंह ने कहा कॉलेज में एनसीसी की शुरुआत से ही कैडेट्स ने कॉलेज में होने वाली परेड में अपना अच्छा प्रदर्शन किया है जिसके फल स्वरुप आज अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्रा निधि चौधरी ने इस उपलब्धि को प्राप्त किया है इसके साथ ही उन्होंने कालेज प्रशासन एवं कैडेट निधि चौधरी को अपनी अनेकों शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर पी. आई. दामोदर घोष , एवं कला विभाग के प्रवक्ता मांडवी राठौर, डॉ रचना,शायमा,पंकज ,कनिका ने कैडेट निधि चौधरी को विभाग का गौरव बताया। पूरे शिक्षण संस्थान में इस ख़बर से खुशी की लहर दौड़ गई।

## धम्मदान के लिए भावपूर्ण मैत्रीय अपील

**प्रिय, उपासक/उपासिका**
**नमो बुद्धाय..जय भीम**

भगवान बुद्ध ने हमें करुणा, अहिंसा और शांति का मार्ग दिखाया है। उन्होंने हमें सिखाया कि दान, सेवा और सहयोग से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। आज, यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनके धम्म संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में सहभागी बनें।

आगामी 26 जनवरी 2025, रविवार को आयोजित होने वाले 9वें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव 2025 का उद्देश्य न केवल भगवान बुद्ध के शाश्वत उपदेशों का प्रचार-प्रसार करना है, बल्कि मध्यप्रदेश को एक अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध केंद्र के रूप में स्थापित करना भी है। यह आयोजन विश्व शांति, भाईचारे और सतत सह-अस्तित्व के लिए एक पवित्र मंच बनेगा।

यह आयोजन तभी सफल होगा जब हम सभी अपने सामूहिक प्रयास और सहयोग से इसे सार्थक बना सकें। इस महान कार्य में आपसे धम्मदान की अपील करते हुए मैं आपके असीम करुणा और सहयोग का निवेदन करता हूँ।




आपका छोटा सा योगदान भी भगवान बुद्ध के संदेश को दूर-दूर तक पहुँचाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

धम्मदान करने के लिए कृपया नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें और अपना समर्थन प्रदान करें÷

धम्मदान के लिए यहां क्लिक करें

Use this link to enter the amount and pay securely via Razorpay: https://razorpay.me/@thebuddhab-hoomidhammadootsang

आपका सहयोग न केवल इस आयोजन को सफल बनाएगा, बल्कि भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अमर और प्रासंगिक बनाए रखने में भी सहायक होगा।

सादर नमो बुद्धाय सहित,
भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो
अध्यक्ष, बुद्धभूमि धम्मदूत संघ
मोबाइल÷ 9926220408

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया युवा दिवस।



**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**

उदयपुरा। रमाकांत चौहान एवं विकाश धाकड़ के नेतृत्व में महाविद्यालय उदयपुरा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कई छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमे तीन विजेताओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया जिसमे मुख्य रूप से श्री गोविंद जी यादव (प्रांत कार्यकारिणी सदस्य) महाविद्यालय प्राचार्य अन्नू जी बड़कुर ,महाविद्यालय प्रोफेसर सत्येंद्र जी आठिया , आनंद जी कौरव (पूर्व भाग संयोजक),रमाकांत जी चौहान (पूर्व नगर अध्यक्ष) विकास जी धाकड़ ,मानव वर्मा एवं समस्त युवा साथी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## अलग -अलग सड़क हादसो मे6 घायल

ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रो मे हुई सड़क दुघर्टना मे 6 लोग घायल हो गए है जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भती कराया है गंभीर रूप से घायल तीन लोगो को प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज रेफर किया है जानकारी के अनुसार वारासिवनी थाना अंतर्गत कायदी दुर्गा मंदिर के समीप दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई जिसमे कैलाश पिता राजकुमार ठाकरे 19वर्ष उमेश पिता सीताराम गाडेकर 20 वर्ष दोनो निवासी सोनझरा है जो मोटरसाइकिल से वारासिवनी से बालाघाट आ रहे थे तभी शिवम पिता आनंद गोदरे 30 वर्ष उकवा निवासी वारासिवनी जा रहा था तभी हादसा हो गया जिनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल मे प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया है दूसरा हादसा थाना उगली जिला सिवनी अंतर्गत बनाथर के पास हुई है जिसमे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से अशोक पिता दशरथ उइके 22 वर्ष बनाथर दीपक पिता वैधराज मरकाम 21बनाथर समेत एक अन्य को लेकर छपारा जा रहे थे तभी रास्ते मे तीनो सड़क हादसे मे गंभीर रूप से घायल हो गए है जिनका इलाज जिला अस्पताल मे किया जा रहा है।

## युवक से हाथापाई

ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट। रामपायली थाना पुलिस ने युवक से मारपीट करने के मामले मे केस दर्ज किया है पुलिस ने बताया है कि पीडित विरेन्द्र पिता ओमनसिह वरकडे 21 वर्ष वार्ड नं 1मेहदीवाडा निवासी ने थाने मे शिकायत दर्ज कराई है जिसमे उसने बताया है कि झालीवाडा निवासी राजा पिता दीपक आमाडारे 20 वर्ष ने गाली-गलौज कर मारपीट की है साथ ही जान से मारने की धमकी दी है।

## राकेश शर्मा फिर बने भाजपा रायसेन जिला अध्यक्ष।

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**



रायसेन। मध्यप्रदेश भाजपा ने बुधवार को रायसेन जिले के लिए नई जिला अध्यक्ष की घोषणा की। राकेश शर्मा को एक बार फिर जिला अध्यक्ष चुना गया है। यह उनके पिछले कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों का परिणाम है। 42 वर्षीय राकेश शर्मा किसान परिवार से हैं और वर्षों से भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने पार्टी के साथ जुड़कर जमीनी स्तर पर काम किया। उनके नेतृत्व में पार्टी को जिले में मजबूती मिली है। नए कार्यकाल के लिए शर्मा ने कहा, ÷यह मेरे लिए गर्व की बात है। मैं जिले के विकास और भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी के युवा और वरिष्ठ सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। अब शर्मा पर उम्मीदों का भार है कि वे अपने नेतृत्व से जिले को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में 'मैं भी बाघ'' और 'हम हैं बदलाव'' थीम पर अनुभूति कार्यक्रम

भोपाल। वन विभाग द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को वन, वन्य-जीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिये गुरुवार को अनुभूति कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से ÷मैं भी बाघ'' और ÷हम हैं बदलाव'' थीम पर शिविर आयोजित हुआ। इसमें शासकीय नवीन कन्या विद्यालय, तुलसी नगर, भोपाल की 99 छात्राओं, 3 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। शिविर में शामिल हुई छात्राओं को अनुभूति बुक, अनुभूति बैग, कैप, ब्रोशर दिये गये। जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति और गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी दिये गये। छात्राओं को मास्टर ट्रेनर एवं नवीन प्रेरकों द्वारा पक्षी दर्शन, वन्य-जीव दर्शन, प्रकृति पथ-भ्रमण और वानिकीय गतिविधियों के साथ फूड चैन की जानकारी दी गयी। छात्राओं ने फूड बैग, फूड चैन जैसे खेलों से वन, वन्य-जीव और पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों से अवगत कराया। शिविर में छात्राओं को बाघ पर आधारित फिल्म दिखायी गयी। फिल्म के माध्यम से बताया गया कि बाघ हमारे जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं। शिविर में छात्राओं को वन विहार में उपलब्ध रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्यू टीम द्वारा वन्य-जीवों को रेस्क्यू करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। अनुभूति कार्यक्रम के ट्रेनर के रूप में



सेवानिवृत्त उप वन संरक्षक डॉ. एस.आर. वाघमारे और वन विहार के बॉयोलॉजिस्ट श्री विजय बाबू नंदवंशी ने छात्राओं को वन एवं वन्य-जीव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अनुभूति कार्यक्रम में शामिल छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ दिलायी गयी। पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। जनवरी माह में ही 23 तारीख को अगला ÷अनुभूति'' कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर वन विहार के संचालक श्री मीना अवधेश कुमार शिवकुमार, सहायक संचालक श्री सुनील कुमार सिन्हा, एसीएफ श्री संदीप महेश्वरी और मध्यप्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# बचपन प्ले स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रेलवे स्टेशन का किया भ्रमण

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल के एल.के.जी कक्षा के बच्चों ने रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका रश्मि प्रसाद ने बच्चों को बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को जागरुक कर उन्हें नैतिक शिक्षा की जानकारी देना है। सभी छात्र-छात्राओं को टिकट काउंटर सिग्नल जैसे- रेड लाइट, ग्रीन लाइट एवं येलो लाइट के बारे में बताया। रेड लाइट से तात्पर्य रुक जाना ग्रीन लाइट से तात्पर्य आगे बढ़ना येलो लाइट से तात्पर्य धीरे-धीरे चलना से होता है। इसके साथ ही साथ बच्चों को छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन और सबसे साफ- सुथरे रेलवे स्टेशन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने बताया कि रेलवे स्टेशन में रेलवे बाल सुरक्षा आर. पी.एफ की भूमिका क्या होती है, वे हमारी मदद किस प्रकार करते हैं, साथ ही साथ सभी छात्र-छात्राओं को यात्रा करते समय साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रेलवे स्टेशन में स्टेशन प्रबंधक ने रेल गाड़ियों के आवागमन समय एवं तिथि के बारे में जानकारी दी। एवं बच्चों को बताया कि हमें हमेशा उचित टिकट लेकर ही यात्रा करनी चाहिए। तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं में ट्रॉफी का वितरण किया गया। उक्त भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं प्रियंका सिंह, नेहा मिश्रा, अंकित श्रीवास्तव, रुचि सेन का सराहनीय योगदान रहा।बचपन प्ले स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रेलवे स्टेशन का किया भ्रमण शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल के एल.के.जी कक्षा के बच्चों ने रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका रश्मि प्रसाद ने बच्चों को बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को जागरुक कर उन्हें नैतिक शिक्षा की जानकारी देना है। सभी छात्र-छात्राओं को टिकट काउंटर सिग्नल जैसे- रेड लाइट, ग्रीन लाइट एवं येलो लाइट के बारे में बताया। रेड लाइट से तात्पर्य रुक जाना ग्रीन लाइट से तात्पर्य आगे बढ़ना येलो लाइट से तात्पर्य धीरे-धीरे चलना से होता है। इसके साथ ही साथ बच्चों को










छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन और सबसे साफ- सुथरे रेलवे स्टेशन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने बताया कि रेलवे स्टेशन में रेलवे बाल सुरक्षा आर. पी.एफ की भूमिका क्या होती है, वे हमारी मदद किस प्रकार करते हैं, साथ ही साथ सभी छात्र-छात्राओं को यात्रा करते समय साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रेलवे स्टेशन में स्टेशन प्रबंधक ने रेल गाड़ियों के आवागमन समय एवं तिथि के बारे में जानकारी दी। एवं बच्चों को बताया कि हमें हमेशा उचित टिकट लेकर ही यात्रा करनी चाहिए। तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं में ट्रॉफी का वितरण किया गया। उक्त भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं प्रियंका सिंह, नेहा मिश्रा, अंकित श्रीवास्तव, रुचि सेन का सराहनीय योगदान रहा।

आयोजन

## अहिरवार समाज संघ म प्र महिला प्रकोष्ठ जिला रायसेन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है

**दिन रविवार 19/1/2025**
**टाइम 12: 00 से 3: 00 तक**

मैंने अपने ग्राम पंचायत हरदौट तहसील गैरतगंज जिला रायसेन में सभी लोगों की सहमति से जल्दी में आयोजन रखा है।

कृपया समय का ध्यान रखना है । मैरी सूझ बूझ से आप सब को विनम्रता से सूचित करती हूं कि रायसेन जिले में अभी तक महिलाओं को जागरूक करने और बच्चियों को छात्राओं को समझाने मैरे क्षैत्र में कोई भी कार्यक्रम नहीं हुआ है इसलिए मैं इस को अपने स्तर पर जिला अधिवेशन महिला प्रकोष्ठ की ओर से रखी हूं। मैं संतोषी सूर्यवंशी महिला प्रकोष्ठ म प्र की उपाध्यक्ष हूं इसलिए आनन फानन आयोजन कर रही हैं। इसमें आप सभी प्रदेश अध्यक्ष संगीता गोलियां राजेश अहिरवार ज़ी संजेश गोलियां युवा प्रकोष्ठ एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारी संभाग अध्यक्ष जिला अध्यक्ष ब्लॉग तहसील अध्यक्ष गण मन खासकर रायसेन जिले के सभी बरेली के सभी पदाधिकारियों और स्थानीय मैरै सभी सामाजिक बंधुओ से निवेदन है कि सब को इस कार्यक्रम में आवश्यक रूप से शामिल होना ही होना है । मैं पहली बार आयोजन परिवार के सहयोग से कर रही हूं । समाज के सभी सम्माननीय जनो से निवेदन करती हूं अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को सफल बनाएं अतः आप सब रायसेन जिले के समस्त पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ सामान्य आमंत्रित हैं।

**आयोजन**
**स्थल**
**हरदोट**
**तहसील गैरतगंज जिला रायसेन**

# प्रधानमंत्री श्री मोदी से डॉ. स्वप्ना को मिली सराहना

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. स्वप्ना को दी शुभकामनाएं

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर सतना जिले की डॉ. स्वप्ना वर्मा की सराहना की गई है। डॉ. स्वप्ना को ÷बीमारी मुक्त भारत÷ के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में उनके अनूठे प्रयासों के लिए यह सराहना मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर डॉ. स्वप्ना को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से डॉ. स्वप्ना ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जो प्रयास किए हैं, वे सराहनीय हैं। उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उनका देशभर से चयनित 10 प्रतिभागियों में चयन किया। उनका चयन हमारे लिए गर्व का विषय है। डॉ. स्वप्ना के प्रयास न केवल सतना जिले बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. स्वप्ना के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और वह अपने पावन लक्ष्य में सदैव सफल होंगी। डॉ. स्वप्ना ने मधुरिमा सेवा संस्कार संस्थान की स्थापना कर स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर पहुंचाने का अनुकरणीय कार्य किया है। उनके नेतृत्व में संस्थान ने घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण, पेशेंट का डिजिटल प्रोफाइल और फैमिली ट्री चार्ट तैयार करने जैसे नवाचार किये हैं।

आखिर क्या अंतर होता है ?

# साधारण और असाधारण लोगों की सोच व दृष्टिकोण में

(1) साधारण इंसान हमेशा अपनी क्षमताओं को पहचान नहीं पाते हैं। वे बड़े - बड़े कार्यों को हमेशा असंभव मानते हैं। जबकि असाधारण व्यक्ति सदैव अपनी क्षमताओं को पहचानता है और उन पर विश्वास करते हुए असंभव कार्यों को भी सदैव संभव करने की कोशिश करता है ।

(2) साधारण व्यक्ति अपनी कमियों व कमजोरियों पर पर्दा डालते हैं, उन्हें ढकते हैं या नजर अंदाज करते हैं। वहीं असाधारण व्यक्ति अपनी कमियों व कमजोरियों को पहचान कर उन्हें दूर करने की कोशिश करता है।

(3)साधारण व्यक्ति सिर्फ नींद में सपने देखते हैं और असाधारण व्यक्ति खुली आंखों से सपना देखता है।

(4)साधारण व्यक्ति फिल्मों को सिर्फ देखते हैं जबकि असाधारण व्यक्ति अपने आप को ही हिरो - हिरोइन समझकर स्वयं फिल्में बनाने की कोशिश करता है।

(5)साधारण व्यक्ति वही करना चाहते हैं जो उसके आसपास वाले करते हैं यानि वह भीड़ के साथ रहना पसंद करते हैं। वहीं असाधारण व्यक्ति सबसे अलग अनोखा और कुछ नया करने की सोचता है।

(6) साधारण व्यक्ति पराजित होने पर अपना लक्ष्य बदल देते हैं। जबकि असाधारण व्यक्ति कभी हार नहीं मानता और अपने लक्ष्य को हासिल करने हेतु नित नवीन तरीके अपनाता है।

(7) साधारण व्यक्ति दिन में भी मनोरंजन करते हैं। जबकि असाधारण व्यक्ति नींद में भी योजनाएं बनाता रहता है।

(8)साधारण व्यक्ति सिर्फ भगवान् और भाग्य पर भरोसा करते हैं।
वहीं असाधारण व्यक्ति अपने आप और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है।

(9) साधारण व्यक्ति पाखंड, अंधविश्वास व रूढ़ीवादीता को ही अपना धर्म समझते हैं। जबकि असाधारण व्यक्ति अपने अपेक्षित कर्म व जिम्मेदारी को ही अपना धर्म समझता है।

(90) साधारण व्यक्ति सिर्फ इतिहास पढ़ते हैं। जबकि असाधारण व्यक्ति स्वयं इतिहास रचने की कोशिश करता है।

(11)साधारण व्यक्ति सिर्फ पैसों के लिए कार्य करते हैं। वहीं असाधारण व्यक्ति अपनी प्रसिद्धि व सम्मान हेतु कार्य करता है।

(12) साधारण व्यक्ति सिर्फ अपनी आवश्यकता के बारे में सोचते हैं। वहीं असाधारण व्यक्ति अपने सपनों के बारे में भी सोचता है।

(13)साधारण व्यक्ति अपनी आय बढ़ाने के लिए अपना स्थान व कार्य बदलते हैं। जबकि असाधारण व्यक्ति अपनी आय बढ़ाने के लिए अपनी कार्यशैली को कुशल बनाने का प्रयास करता है।

(14)साधारण व्यक्ति हमेशा सिर्फ अतीत या वर्तमान के पश्चाताप में ही जीते हैं परंतु असाधारण व्यक्ति सदैव भविष्य की दूरगामी योजनाओं के साथ कार्य करता है।



**भावना मंगलमुखी**
**एक ट्रांसजेंडर लेखिका**
**पाली राजस्थान/**
**पालघर महाराष्ट्र**

(15)साधारण व्यक्ति का अस्तिव व उसकी कहानी जीवन पर्यंत ही होती है। वहीं असाधारण व्यक्ति अपने अस्तित्व व कहानी को सदियों के लिए अमर कर देते हैं ।

(16)साधारण व्यक्ति नेता, हीरो - हिरोइन इत्यादि को विशेष मानते हैं। जबकि असाधारण व्यक्ति किसी को भी विशेष नहीं मानता, वह सबको समर्थक दृष्टि से देखता है और स्वयं कुछ विशेष बनने की कोशिश करता है।

(17) साधारण व्यक्ति पूर्व में जो हुआ उससे कभी शिकायत नहीं करते अर्थात परिस्थितियों से सदैव समझौता करके संतुष्ट हो जाते है जबकि
असाधारण व्यक्ति सदैव क्रांतिकारी परिवर्तन चाहता है क्योंकि
असंतोष या आक्रोश ही नित्य नवीन प्रयोग, परिवर्तन या सुधार को प्रेरित करता है क्योंकि परिवर्तन ही प्रगति की आवश्यक व अनिवार्य शर्त भी है और आवश्यक परिचायक निशानी भी ।

(18)साधारण इंसान सदैव कुरीतियों व अंधविश्वास को ढोकर लकीर के फकीर बने रहते हैं जबकि असाधारण व्यक्ति उनका विरोध करता है और सकारात्मक सुधार हेतु प्रयासरत रहता है।

(19)साधारण व्यक्ति कोई मुसीबत या समस्या आने पर सत्य से विमुख होकर झूठ का सहारा लेते हैं। जबकि असाधारण व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में सदैव सत्य के साथ अडिग रहता है।

(20)साधारण व्यक्ति पद या प्रसिद्धि पाना चाहता है लेकिन असाधारण व्यक्ति सदैव महान बनने की सोचता है क्योंकि पद व प्रतिष्ठा सिर्फ़ व्यक्ति के जीवनपर्यंत ही रहते है जबकि महानता चिरकाल तक अविस्मरणीय रहती है।


(21) मैं भी अपने आप को कभी साधारण नहीं मानती और सदैव असाधारण बनने हेतु प्रयत्नशील रहती हूं।
हालांकि मैं आम लोगों की गलतियों को नजरंदाज भी कर लेती हूं लेकिन नेताओं, पुलिस, अफ़सर या शिक्षक जैसे जिम्मेदार तथा पद व पैसों के मद में अंधे व घमंडी लोगों के गलत आचरण पर मैं आक्रोशपूर्वक कटु शब्दों में निन्दा का कोई मौका नहीं छोड़ती हूं।
इसलिए मैंने जब - जब किसी शिक्षक, पुलिस या नेता को नशा या अपराध करते या अपने पद का दुरुपयोग करके किसी दुर्बल को सताते पाया, तब मैंने उनको बेझिझक नसीहत दी।
साथ ही मेरे पिताजी की 40 - 45 साल की मानसिक विक्षिप्तता में भोपे - तांत्रिकों व पुजारियों द्वारा बार - बार ठगे जाने के पश्चात मैं मंदिर - मस्जिद या किसी धार्मिक स्थल में कोई आस्था नहीं रखती।
लेकिन मैं सबकी इस आस्था का कभी विरोध भी नहीं करती क्योंकि धर्म इंसान का ईश्वर से जुड़ने का माध्यम और सबकी निजी आस्था व स्वतंत्रता का विषय है। लेकिन मैं यह मानती हूं कि आस्था दर्शन का विषय है, प्रदर्शन का नहीं इसलिए मैं पाखंड व आडंबर का भी पुरजोर विरोध करती हूं। साथ ही मैं इस संदर्भ में लोगों को जागरूक भी करती हूं तथा जो लोग आस्थाओं का पाखंड करके भोले - भाले लोगों को लूटने व ठगने का प्रयास करते हैं, उन्हें मैं सदैव आर - पार की चुनौती भी देती हूं।
अंत में मैं आप सभी से यही आशा व अपेक्षा करती हूं कि आप भी अपने जीवन में साधारण से असाधारण बनने का सदैव प्रयास करते रहे।
विशेष = अपने मोबाईल की डीपी में अपने या अपने माता - पिता की फोटो के बजाय किसी हिरो - हिरोइन या नेता या काल्पनिक देवी - देवता की फोटो लगाना भी साधारण इंसान की सोच है।

# नर्मदा जल पर संकट, शिव सरकार की लापरवाही पड़ सकती है भारी

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को करनी पड़ रही है भारी मशक्कत

### नर्मदा जल उपयोग के लिए प्रयास

जुलाई, 2024-नर्मदा घाटी विकास विभाग की 9,271 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत की सात परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई। इसके पहले मार्च 2022 में 26 हजार 716 करोड़ रुपए लागत की 12 नर्मदा सिंचाई परियोजनाएं मंजूर की गई। जून 2020 में मप्र सरकार ने प्रदेश को आवंटित नर्मदा जल का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय व्यवस्था जुटाने सरकार के स्वामित्व की नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी और पॉवर फाइनेंस कार्पोरेशन नई दिल्ली के मध्य 20 हजार करोड़ का एमओयू हस्ताक्षरित किया, ताकि नर्मदा घाटी की निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा और नई स्वीकृत योजनाओं को तत्काल शुरू किया जा सके।



**भोपाल।** प्रदेश में डेढ़ दशक से अधिक समय तक सरकार के मुखिया रहे शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में जिस तरह से नर्मदा जल के उपयोग में लापरवाही बरती गई है, वह अब प्रदेश को भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि अब मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव को इसके लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री यादव के प्रयासों से प्रदेश का नुकसान होने से बच सकता है। दरअसल, नर्मदा जल के उपयोग को लेकर समझौते के तहत मप्र को अपने हिस्से के नर्मदा जल के उपयोग के लिए निर्धारित 45 साल की डेडलाइन बीते माह समाप्त हो चुकी है। ऐसे में समझौते की शर्त के अनुसार यह पानी अब गुजरात के हिस्से में जाना है। दरअसल, पूर्व की सरकार इस मामले में गंभीर नहीं रही है, जिससे पानी के उपयोग के लिए समय पर परियोजनाओं को न तो तैयार किया गया और न ही उन पर काम ही किया गया। यही वजह है कि तय शर्तों के अनुसार प्रदेश में नर्मदा जल का उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। शर्तों के अनुसार जब इसकी समय सीमा समाप्त होने का समय आया, तब सरकार ने आनन -फॉनन में इससे संबंधित परियोजनाओं पर काम शुरू किया , जिसकी वजह से सरकार की ओर से पिछले कुछ वर्षों में हजारों करोड़ की नर्मदा सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनमें से कई का निर्माण कार्य भी अभी शुरू नहीं हो पाया है, लेकिन इन सिंचाई परियोजनाओं के जरिए सरकार यह साबित करने का प्रयास करेगी कि वह अपने हिस्से के 18.25 एमएएफ (मिलियन एकड़ फीट) नर्मदा जल का उपयोग कर रही है, क्योंकि अगर सरकार ऐसा नहीं कर पाई, तो मप्र के हिस्से का बचा पानी गुजरात को चला जाएगा। दरअसल, नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण (एनडीडब्ल्यूटी) ने वर्ष 1979 में नर्मदा जल समझौते के तहत चार राज्यों में पानी का बंटवारा किया था। इसमें सबसे ज्यादा 18.25 एमएएफ (मिलियन एकड़ फीट) मप्र के हिस्से में आया। चारों राज्यों को कुल 28.0 एमएएफ पानी आवंटित किया गया था। गुजरात को 9.0, राजस्थान को 0.5 और महाराष्ट्र को 0.25 एमएएफ पानी उपयोग का अधिकार मिला। नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण करेगा समीक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण अब वापस बैठेगा।

### चार दशक में 13.14 एमएएफ पानी का उपयोग

*नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण ने मप्र के 18.25 एमएएफ जल का उपयोग करने के लिए दिसंबर, 2024 तक का समय दिया था। न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया था कि इस अवधि में मप्र अपने हिस्से के जितने जल का उपयोग कर पाएगा, उस पर उसका अधिकार बना रहेगा, वरना यह अन्य राज्यों को आवंटित कर दिया जाएगा। शुरूआती वर्षों में सरकारों ने अपने हिस्से के नर्मदा जल के उपयोग के लिए बहुत ज्यादा गंभीरता से काम नहीं किया। वर्ष 2019 में इस मुद्दे पर फोकस तेज हुआ। 1979 से 2019 तक 40 वर्षों में एमपी केवल 13.14 एमएएफ पानी का उपयोग कर सका। वर्ष 2019 में सरकार ने शेष पांच वर्षों में 5.11 एमएएफ पानी का उपयोग करने के लिए 70,000 करोड़ रुपए की राशि का अनुमान लगाया गया था। नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सरकार के प्रयासों से राज्य इस अंतर को भरने में कामयाब रहा। पिछले साल सितंबर में मप्र निर्मित और निमार्णाधीन सिंचाई परियोजनाओं के जरिए 17.62 एमएएफ जल के उपयोग की स्थिति में पहुंच गया था। इसके बाद हजारों करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और आज मप्र अपने हिस्से के पूरे नर्मदा जल के उपयोग की स्थिति में पहुंच गया है।*

# ब्राह्मण या आदिवासी पर लग सकता है दांव

**भोपाल।** मप्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह कौन लेगा, इसको लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। अब प्रदेश में जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा शुरू हो गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निवार्चन की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है। प्रदेश अध्यक्ष की रेस में पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया, बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और राज्यसभा सदस्य सुमर सिंह सोलंकी के नाम चर्चा में है। माना जा रहा है की समीकरणों को देखते हुए पार्टी ब्राह्मण या आदिवासी चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है। भाजपा के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के कार्यकाल को पांच साल हो गए है। उनके नेतृत्व में भाजपा ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत और लोकसभा चुनाव में पहली बार सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज की। अब भाजपा में रायशुमारी के बाद जिला अध्यक्षों की घोषणा शुरू कर दी है। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के निवार्चन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वीडी शर्मा को संगठन केंद्र में बड़ी भूमिका दे सकता है। प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री के होने के चलते सामान्य या ब्राह्मण वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाने की अटकलें लगाई जा रही है। हालांकि संगठन आदिवासी चेहरे को भी मौका दे सकता है। इसका कारण लंबे समय से आदिवासी नेता को प्रदेश की कमान नहीं सौंपी गई है। एससी वर्ग से सत्यनारायण जटिया प्रदेश अध्यक्ष बने, लेकिन आदिवासी वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका है। इसका एक कारण जातिगत समीकरण को ध्यान रखते हुए आदिवासी वर्ग को मौका देना भी माना जा रहा है।

# अधर में प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग

**भोपाल।** जिलों के भौगोलिक से लेकर प्रशासनिक ढांचे में बदलाव के लिए गठित किया गया प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग अधर में लटका हुआ है। प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग में अब तक न तो अध्यक्ष की नियुक्ति हो पाई है और न ही स्टाफ और दफ्तर मिल पाया है। जिलों, संभागों, तहसीलों और जनपदों के पुनर्गठन की कवायद मप्र में इसके पहले वर्ष 1982 में हुई थी। अब 42 साल बाद भौगोलिक से लेकर प्रशासनिक ढांचे में बदलाव के लिए काम शुरू हुआ है। प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के लिए पहली नियुक्ति रिटायर्ड आईएएस मनोज श्रीवास्तव की हुई थी। लेकिन उन्होंने बाद में इस पद से इस्तीफा दे दिया। गौरतलब है कि 27 फरवरी 2024 को मोहन कैबिनेट ने राज्य की प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के लिए मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के गठन को मंजूरी दी। 12 मार्च को मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के गठन, आयोग के कार्यक्षेत्र, आयोग की संरचना, वेतन तथा भत्ते, प्रशासनिक संरचना एवं वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसका नोटिफिकेशन 12 मार्च को किया गया। मप्र में संभाग, जिलों, तहसीलों और जनपदों की सीमाओं के पुनर्गठन की प्रक्रिया पिछली बार 1982 में की गई थी। 42 साल बाद भौगोलिक से लेकर प्रशासनिक ढांचे तक कई कारणों से इसकी जरूरत महसूस की गई। संभाग, जिलों, तहसीलों, जनपदों की सीमा फिर से परिभाषित करने की प्रक्रिया मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 में उल्लेखित है।

# मप्र में महंगी होगी शराब

## शराब से करीब 16,000 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य



**भोपाल।** मप्र सरकार इस साल अपनी शराब नीति में बड़ा बदलाव करने जा रही है। सरकार नीलामी प्रक्रिया को बदलने की तैयारी कर रही है। पहले दुकानों का ग्रुप बनाकर नीलामी की जाती थी। लेकिन अब से यानी कि साल 2025-26 के लिए एकल दुकान की नीलामी होगी। इससे लोगों के बीच कंपटीशन बढ़ेगा और साथ ही राजस्व को भी फायदा होगा। जानकारी के अनुसार सरकार ने इस साल शराब से करीब 16,000 करोड़ रूपए के राजस्व का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए शराब लाइसेंस फीस को 20 फीसदी बढ़ाने की सिफारिश की गई है। वहीं शिवराज सरकार ने 2023 में अहाते बंद करने का निर्णय लिया था। इसके पीछे तर्क यह था कि अहाते में बैठाकर शराब पिलाने से कानून व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है, झगड़े होते हैं। हालांकि, इस व्यवस्था को बंद करने के बाद दुकान के आसपास लोग शराब पीने लगे हैं, जिससे आमजन को परेशानी भी हो रही है। इसे देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था का प्रविधान किया जा सकता है। गौरतलब है कि राज्य में कुल 3065 कंपोजिट शराब की दुकानें हैं, जिन्हें 1100 समूह बनाकर नीलाम किया गया था। तय किया गया है कि आदिवासी क्षेत्रों में ग्रामसभा की अनुमति से ही शराब की दुकानें खोली जाएंगे। वहीं धार्मिक स्थलों पर पहले से मौजूद शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। 2025-26 के लिए प्रस्तावित नीति को जल्द ही कैबिनेट में पेश किया जा सकता है। सूबे में देसी और विदेशी शराब के लिए अलग-अलग दुकानों के स्थान पर कंपोजिट दुकान की व्यवस्था लागू की गई है। वार्षिक मूल्य 20 प्रतिशत बढ़ाकर नवीनीकरण किया गया था। चूंकि दुकानों के समूह बनाकर नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई थी। इसलिए अधिकतर दुकानें नवीनीकरण में चलीं गईं। वहीं जिनका नवीनीकरण नहीं हुआ, उन्हें वार्षिक मूल्य कम करके दिया गया। लेकिन इस बार सरकार नवीनीकरण की जगह एकल दुकान की नीलामी पर जोर देगी। अधिकारियों का कहना है कि इससे कंपटीशन बढ़ेगा और नए लोगों को भी मौका मिलेगा। राजस्व भी अधिक आएगा। साल 2003 में एकल दुकान नीलामी की व्यवस्था की गई थी। सिंगल दुकान नीलाम करने से हो सकती परेशानी बड़े ठेकेदारों की मोनोपॉली को खत्म करने के लिए मप्र सरकार ने वर्ष-2022 में सिंगल ग्रुप सिस्टम को खत्म कर छोटे-छोटे समूह बनाकर नीलामी की शुरूआत की थी। लेकिन अब इस सिस्टम को खत्म कर सिंगल-सिंगल दुकान नीलाम करने की तैयारी हो रही है। इससे सबसे बड़ी परेशानी यह होगी कि जो प्रमुख दुकानें हैं उन पर ठेकेदारों का फोकस रहेगा और जहां बिक्री कम वहां वे नीलामी में शामिल नहीं होंगे। सिंगल दुकान होने से ठेकेदार मनमानी से कीमतों पर शराब बचेंगे, जिससे विवाद की नौबत आ सकती है। इस बार प्रदेश सरकार ने शराब से करीब 16,000 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य रखा है। इसलिए शराब दुकानों के लाइसेंस में 20 फीसदी बढ़ोतरी की जा रही है। पिछली बार 15 फीसदी वृद्धि के साथ प्रदेश की 3,600 शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया नवीनीकरण-लॉटरी एवं ई-टेंडर के माध्यम से की गई थी। प्रदेश में 3,605 कंपोजिट शराब दुकानें हैं, जिन्हें 1100 समूह बनाकर नीलाम किया गया था। तय किया गया है कि आदिवासी क्षेत्रों में ग्रामसभा की अनुमति से ही शराब दुकानें खोली जाएंगी।


### मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद बदली पॉलिसी

अब पुराने समूह के आधार पर ही मदिरा दुकानों का नवीनीकरण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गतदिनों वाणिज्यिककर विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। बताया जाता है कि दो अधिकारी अपनी जिद के कारण सिंगल शॉप पालिसी लाना चाह रहे थे। उन्होंने इसको लेकर किसी से बात भी नहीं की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से चर्चा के बाद सिंगल दुकान आबकारी नीति को रद्द करने के निर्देश दिए। नई नीति से सरकार की आमदनी कम होने का अनुमान था। उत्तर प्रदेश में शराब की दुकानों की संख्या मध्यप्रदेश के मुकाबले बहुत अधिक होने के कारण सिंगल दुकान की आबकारी नीति सफल मानी जा रही है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि किसी भी स्थिति में शराब की दुकानों की संख्या नहीं बढ़ेगी। डॉ. यादव ने महाकाल लोक के पास की शराब दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। इससे उज्जैन जिले में शराब दुकानों की संख्या कम हो सकती है। उल्लेखनीय है कि ठेकेदारों ने सिंगल शॉप की नीति का विरोध किया था और उच्च स्तर तक अपनी बात पहुंचाई थी। अगली कैबिनेट में नई आबकारी नीति को मंजूरी मिलने की संभावना है। 2003 में सिंगल शॉप की नीति पूरी तरह फेल हो गई थी। शासन को इस प्रकार की नीति से बहुत नुकसान हुआ था। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार सिर्फ दो विभागीय अधिकारी इस बार आबकारी नीति बनाने में लगे हैं। किसी भी वरिष्ठ अधिकारी को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और ना ही किसी अधिकारी से कोई सुझाव या विचार विमर्श किया गया है। वर्तमान ठेकेदार को 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ नवीनीकरण कराना होगा।

# निवेश के लिए विशेष बनेगा मप्र

## जापान और थाइलैंड से भी आएगा निवेश

**भोपाल।** मप्र को औद्योगिक हब बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निरंतर प्रयासरत हैं। वहीं निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव के साथ ही विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित किया जा रहा है। निवेश के लिए मप्र को विशेष बनाने के लिए मुख्यमंत्री इंग्लैंड और जर्मनी का दौरा करने के बाद अब जापान और थाइलैंड सहित कई देशों का दौरा करेंगे। इसे लेकर राज्य सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री जापानी तकनीक को मप्र की जमीन पर उतरने के लिए जापान में चार दिन तक अलग-अलग शहरों में रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 27 जनवरी को चार दिन के लिए जापान के दौरे पर रहेंगे। सीएम का फोकस जापानी तकनीकों को मप्र की जमीन पर उतारना है। वे 24 व 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में उद्योगपतियों को आमंत्रित करेंगे। 31 जनवरी की शाम को वापस मध्य प्रदेश के लिए उड़ान भरेंगे। आपको बता दें कि इससे पहले डॉ. मोहन यादव 24 नवंबर को यूके और जर्मनी गए थे। मुख्यमंत्री डा. यादव ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआइएस) से पहले विदेश दौरे पर जाएंगे। मुख्यमंत्री के साथ आईएएस अधिकारियों का दल भी दौरे में साथ



रहेगा। राज्य सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का लोगो जारी करने के साथ ही समिट की वेबसाइट भी लांच कर दी है। 24 और 25 फरवरी को होने वाले समिट में भाग लेने के लिए इच्छुक निवेशक व उद्योगपति अपना पंजीयन करा रहे हैं। वेबसाइट में मध्य प्रदेश में निवेश के लिए अलग-अलग सेक्टर की जानकारी भी दी गई है। मुख्यमंत्री डा. यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन स्वयं जीआइएस की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा वर्ष 2025 उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जीआइएस से इसकी शुरूआत होगी।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)